SATISH CHANDRA MEMORIAL SCHOOL, CHAKDAHA
HINDI 2ND LANGUAGE CASE STUDY
CLASS V

नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

साहस की जिंदगी बड़ी जिंदगी होती है। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि यह बिल्कुल निडर तथा बिल्कुल बेखौफ होती है। साहसी मनुष्य की सबसे बड़ी पहचान होती है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला व्यक्ति दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी आदमी से मिलता है। अड़ोस - पड़ोस देखकर चलना, यह साधारण जीव का काम है। क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्यों की तुलना ना तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और ना अपनी चाल को पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं ।

1) सबसे बड़ी जिंदगी कौन सी है ?

क) साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी नहीं होती है ।

ख) आलस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है ।

ग) साहस की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है ।

घ) ताकतवर की जिंदगी सबसे बड़ी जिंदगी होती है ।

2) दुनिया की असली ताकत कौन होते हैं ?

क) जनमत को न मानने वाले

ख) बिरोधियों की उपेक्षा करने वाले

ग) समाज को मानने वाले

घ) जनमत की उपेक्षा करके जीने वाले

3) साहसी मनुष्य की सबसे बड़ी पहचान क्या होती है ?

क) वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले उसके बारे में क्या सोच रहे हैं।

ख) वह इस बात की चिंता करता है कि लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं ।

ग) वह किसी के बारे में सोचता ही नहीं है ।

घ) वह सबकी परवाह करता है ।

4) आस-पड़ोस को देखकर कौन चलते हैं ?

क) डरपोक व्यक्ति

ख) साधारण व्यक्ति

ग) साहसी व्यक्ति

घ) समाज को न मानने वाले

5) बिल्कुल निडर तथा बेखौफ क्या होती है ?

क) साहस की जिंदगी

ख) डरपोक की जिंदगी

ग) साधारण लोगों की जिंदगी

घ) आम लोगों की जिंदगी